**समय: २ घंटे** **पूर्णांक: ६०**

**सूचना : १. सभी प्रश्न अनिवार्य है |**
**२. उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक व उपक्रमांक अवश्य लिखे |**

**प्रश्न १.** **निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए |** **२०**

**(क)** "रांमासों धन ताको कहा अब थोरौ |
अठ सिधि नव निधि करत निहारौ||
हरिन कसिब बधकरि अधपति देई |
इंद्रकौ विभौ प्रहलाद न लेई ||"

**अथवा**

"रांमनाम जपिबौ श्रवननि सुनिबौ|
सलिल मोह मै बहि नहीं जाईबा||
अकथ कथ्यौ न जाई | कागद लिख्यौ न माइ |
सकल भुवन पति मिल्यौ है सहज भाइ ||"

**(ख)** "तीर्थो में क्या रक्खा है,केवल पानी पत्थर |
देव नकद रहता वहाँ,सज्जन बसें जहाँ पर ||
मिलता हो सत्संग तो,और भाग्य क्या होगा ?
करो समर्पित देह तो,अंग अंग स्वर्ण बनेगा ||
मिलता है फल तीर्थ में,श्रद्धा अगर है मन में |
निगुन अनाडी सुधरते,संतों की संगत में ||"

**अथवा**

"जो है दीन – दुखियारे, जो है किस्मत के मारे,
उन्हें अपना कहे जो,साधु सज्जन उसे जानिए ||
श्रेष्ठ नर है वही, वही श्रेष्ठ नारी है ,
ईश्वर उनके भीतर, बसा है,सत्य मानिए ||
सज्जन का चित्त ऐसा,मृदु नवनीत जैसा ,
भीतर –बाहर एक – सा, सत्य पहचानिए ||"



XSAGARDADMINYCAD13AXSAGARDADMINYCAD13A

**प्रश्न २.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **३०**

**(च)** संत नामदेव के ब्रह्म, जीव माया और जगत सम्बन्धी विचारों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

संत नामदेव की भक्ति में सगुण निर्गुण दोनों का समन्वय हुआ है इस कथन पर प्रकाश डालिए |

**(छ)** संत तुकाराम के काव्य में उनका जीवन किस प्रकार परिलक्षित हुआ है उदाहरण सहित समझाइए |

**अथवा**

संत तुकाराम गाथा में समाज हित और राष्ट्र हित नीहित है | विस्तार से वर्णन कीजिए |

**प्रश्न ३.** **निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए |** **१0**

१. संत नामदेव के पिता का नाम क्या है ?

२. संत नामदेव ने उत्तर भारत के तीर्थ क्षेत्रों की यात्रा किसके साथ की?

३. वारकरी संप्रदाय का दूसरा नाम क्या है?

४. संत नामदेव के अनुसार परमात्मा को छोड़कर वेद विधि से कार्य करने वाला व्यक्ति किसके समान है?

५. नामदेव को निर्गुण निराकार धर्म का उपदेश किसने दिया?

६. संत तुकाराम के गुरु ने उन्हें कौन से मंत्र का ज्ञान दिया?

७. भगवान विट्ठल भक्त पुंडलिक के किस कर्म से आनंदित होकर उन्हें वर मांगने को कहते हैं?

८. संत तुकाराम का भगवत भक्ति में लीन होने का प्रमुख कारण उन्होंने क्या बताया है?

९. संत तुकाराम ने निर्गुण उपासना को किसके समान माना है?

१०. अपनी भक्ति भावना में लीन संत तुकाराम सर्वाधिक लड़ाई किसके साथ करते हैं?

*********



XSAGARDADMINYCAD13AXSAGARDADMINYCAD13A